पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राजभवन में पुष्प प्रदर्शनी देखने आए विभिन्न स्कूलों के बच्चे

भ्रमण करने से बच्चों के व्यवहारिक ज्ञान में वृद्धि होती है

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊः 17 फरवरी, 2023

राजभवन में आयोजित प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी, 2023 में आज पहले दिन दर्शनार्थियों के साथ—साथ विविध स्कूलों के विद्यार्थी भी भ्रमण पर आए। इन विद्यार्थियों में जी0डी0 गोयनका पब्लिक स्कूल, बरेली से कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी, सिटी मांटेसरी स्कूल राजेन्द्र नगर शाखा लखनऊ से मांटेसरी, नर्सरी तथा के0जी0 के बच्चे तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन के बच्चों ने प्रदर्शनी तथा राजभवन के विभिन्न उद्यानों और पंचतंत्र वन का अवलोकन किया। इसके साथ ही उम्मीद संस्था के पदाधिकारी भी भिक्षावृत्ति से जुड़े 100 बच्चों को अपने सुधार कार्यों के क्रम में आज राजभवन में इस प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु लेकर आईं।

प्रदर्शनी अवलोकन के लिए आए सभी बच्चों को राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से भेंट का अवसर भी प्राप्त हुआ। राज्यपाल जी ने बच्चों से प्रदर्शनी एवं राजभवन उद्यानों के भ्रमण के अनुभवों के बारे में पूछा। बच्चों ने उत्साह के साथ पेड़—पौधों—फूलों के अवलोकन के विभिन्न अनुभव बताए और विशेष रूप से पंचतंत्र वन में कहानियों के आधार पर बनी पशु—पक्षियों की आकृतियों की चर्चा करते हुए बाल सुलभ जिज्ञासाएं भी प्रकट कीं। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने बच्चों को जल संरक्षण और अन्न की समुचित उपयोगिता के बारे में बताते हुए उन्हें इसका अपव्यय न करने का संकल्प भी कराया। राज्यपाल जी ने बच्चों के साथ आए

शिक्षकों से कहा कि बच्चों की शिक्षा सिर्फ विद्यालय परिसर तक सीमित न रखें। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर से बाहर की गतिविधियों में बच्चों को शामिल कराने, भ्रमण कराने से बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान की वृद्धि होती है। राज्यपाल जी ने भ्रमण पर आए बच्चों को पोषण सामग्री भी प्रदान की। ज्ञात हो कि राजभवन में आज दिनांक 17 फरवरी, 2023 को प्रारम्भ हुई प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प की चार दिवसीय प्रदर्शनी का समापन दिनांक 20 फरवरी, 2023 को होना निर्धारित है। राजभवन प्रांगण में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली प्रदेश की सबसे बड़ी फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का यह 54वां अयोजन है। इस वर्ष इसमें कुल 48 क्लास और 628 वर्ग प्रतिभाग कर रहे हैं।

————

डा0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361